दिनांक : 07/05/2026 समय :7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- भारत और वियतनाम ने आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जताई
- मध्यप्रदेश में बोर्ड की 10वीं और 12वीं की ''द्वितीय परीक्षा'' आज से हो रही प्रारंभ, मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं
- प्रदेश के मौसम में आया बड़ा बदलाव, कहीं तेज गर्मी तो कहीं हो रही बारिश
- आईपीएल क्रिकेट में सनराइजर्स हैदराबाद ने कल पंजाब किंग्स को 33 रन से हराया

प्रधानमंत्री बयान

भारत और वियतनाम ने अपने आर्थिक रिश्तों को नई मजबूती देते हुए साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 25 अरब डॉलर तक ले जाने का बड़ा लक्ष्य तय किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम के बीच हुई वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में डिजिटल भुगतान के लिए क्यूआर कोड आधारित प्लेटफॉर्म जोड़ने और कृषि उत्पादों जैसे अंगूर, अनार और ड्यूरियन के लिए बाजार पहुंच आसान बनाने पर सहमति बनी है। प्रधानमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा

ऑपरेशन सिंदूर वर्षगांठ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीडीएस जनरल अनिल चैहान आज जयपुर में ''संयुक्त कमांडर सम्मेलन'' के दूसरे संस्करण में शामिल होंगे। यह सम्मेलन ''ऑपरेशन सिंदूरश् की पहली वर्षगांठ'' के अवसर पर आयोजित हो रहा है। इस दौरान साइबर व अंतरिक्ष युद्ध जैसी चुनौतियों और भविष्य की सैन्य क्षमताओं पर चर्चा के साथ स्वदेशी तकनीकों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

रुक जाना नहीं- मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश में बोर्ड परीक्षाओं में असफल रहे विद्यार्थियों के लिए आज से सुनहरी शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 10वीं और 12वीं की ''द्वितीय परीक्षा'' में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा परिणाम आपके भविष्य की कहानी तय नहीं करते। उन्होंने इस अवसर को विद्यार्थियों के सपनों को ''नई उड़ान देने का संकल्प'' बताया। डॉ. यादव ने अभिभावकों और शिक्षकों से भी अपील करते हुए कहा-

एन-जेन डाकघर- सिंधिया

केंद्रीय संचार और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कल शिलांग स्थित उत्तर पूर्वी पहाड़ी विश्वविद्यालय में भारतीय डाक के 100वें एन-जेन डाकघर का वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया। यह सुविधा छात्रों, शिक्षकों और परिसर में रहने वाले निवासियों की सेवा के उद्देश्य से एक आधुनिक, युवा-केंद्रित डाक केंद्र के रूप में विकसित की गई है। श्री सिंधिया ने कहा कि भारतीय डाक एक युवा और गतिशील राष्ट्र की आकांक्षाओं के अनुरूप विकसित हो रहा है।

मंदिर प्रबंधन शिक्षा- उच्च शिक्षा मंत्री

प्रदेश सरकार शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में एक अनूठा प्रयोग करने जा रही है। उज्जैन की सम्राट विक्रमादित्य यूनिवर्सिटी में इस साल जुलाई से 'टेंपल मैनेजमेंट' यानि मंदिर प्रबंधन में एमबीए कोर्स शुरू किया जाएगा। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य मंदिरों के पारंपरिक प्रबंधन को आधुनिक, वैज्ञानिक और प्रोफेशनल स्वरूप देना है। श्री परमार ने बताया कि इस कोर्स से 'एक पंथ दो काज' सिद्ध होंगे। जहां एक ओर मंदिरों की व्यवस्थाओं और बुनियादी ढांचे का प्रबंधन बेहतर होगा, वहीं दूसरी ओर युवाओं के लिए रोजगार के विशिष्ट अवसर पैदा होंगे। उज्जैन को इस कोर्स के लिए इसलिए चुना गया है क्योंकि यह मंदिरों की नगरी है और यहाँ प्रबंधन की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं।

'नारी शक्ति वंदन-मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 'नारी शक्ति वंदन' का संकल्प धरातल पर साकार हो रहा है। प्रदेश के ''वन धन विकास केंद्र'' जनजातीय और पीवीटीजी वर्ग की महिलाओं को '''लाभार्थी' से 'उद्यमी''' बनाने के सशक्त मंच बनकर उभरे हैं। सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण दर को ''3,000 से बढ़ाकर 4,000 रुपये'' प्रति मानक बोरा कर दिया है, जिससे महिला संग्राहकों को लगभग 344 करोड़ रुपये का सीधा भुगतान किया गया। वर्तमान में 126 वन धन केंद्रों के माध्यम से 10 हजार से अधिक महिलाएं लघु वनोपज के

प्रसंस्करण और विपणन से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। यह पहल न केवल महिलाओं की आय बढ़ा रही है, बल्कि उन्हें समाज में नेतृत्वकारी भूमिका और सम्मान भी दिला रही है।

गेहूँ उपार्जन- प्रदेश

प्रदेश में गेहूँ उपार्जन का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है, जिसके चलते अब तक साढ़े आठ लाख से अधिक किसानों से 48 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूँ खरीदा जा चुका है। इस बीच, मंत्री श्री राजपूत ने कल रायसेन जिले के केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को सख्त फटकार लगाई। बता दें कि प्रदेश में किसानों को समर्थन मूल्य और बोनस मिलाकर ''2625 रुपये प्रति क्विंटल'' की दर से भुगतान किया जा रहा है।

मौसम अपडेट

इस समय प्रदेश में मौसम के दो अलग-अलग मिजाज देखने को मिल रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवातीय गतिविधियों के चलते ''ग्वालियर, रीवा और छतरपुर'' समेत 11 जिलों में ''आंधी-बारिश का अलर्ट'' जारी किया गया है। दूसरी ओर, ''भोपाल, इंदौर और उज्जैन'' जैसे 44 जिलों में तपिश बढ़ेगी, जहाँ पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। वहीं, ''नरसिंहपुर 42.2 डिग्री'' के साथ कल प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा, जबकि ''सीधी 35.0 डिग्री'' के साथ सबसे ठंडा रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, 9 और 10 मई को लू का असर बढ़ेगा, लेकिन 10 मई से एक नया सिस्टम सक्रिय होने से मौसम में पुनः बदलाव की संभावना है।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में सनराइजर्स हैदराबाद ने कल पंजाब किंग्स को 33 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 235 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 202 रन ही बना सकी। प्रतियोगिता में आज लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- खण्डवा जिले में आजीविका मिशन और सीवी रमन यूनिवर्सिटी के सहयोग से स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को फल-सब्जी प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख ने बताया कि इसका उद्देश्य महिलाओं को उद्यमी बनाना है।
- आगरमालवा जिले में किसानों को खाद वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए जिले की मोल्याखेड़ी संस्था में ई-टोकन प्रणाली लागू की गई है। इस नई व्यवस्था से किसानों को लंबी कतारों से मुक्ति मिली है और समय की बचत हो रही है।
- 'मैहर' जिले में 26 मई को गंगा दशहरा पर आल्हा तालाब में भव्य आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। कलेक्टर विदिशा मुखर्जी ने अधिकारियों को जल संरक्षण की थीम पर दीपदान और स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।
- सतना जिले में मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत सतना रेलवे स्टेशन से 11 मई को 262 यात्री हरिद्वार-ऋषिकेश के लिए रवाना होंगे। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार ने यात्रा को व्यवस्थित बनाने हेतु सभी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।
- मैहर जिले में प्रशासन ने बदेरा क्षेत्र की आमतारा गैस एजेंसी सहित दो संस्थानों पर अनियमितता के चलते एफआईआर दर्ज की है। खाद्य विभाग की जांच में ये एजेंसियां सुरक्षा मानकों का उल्लंघन और अवैध स्टॉक की दोषी पाई गईं।
- झाबुआ कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम ने रायपुरिया में आधुनिक शिव नर्सरी का अवलोकन किया। यहाँ 25 लाख की लागत से कोकोपीट तकनीक द्वारा मिर्ची के पौधे तैयार किए जा रहे हैं, जो किसानों की आय बढ़ाने में मददगार हैं।
- छिंदवाड़ा जिले में कुंडीपुरा पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत विशेष अभियान चलाकर ब्लैक फिल्म लगे वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ भी सख्त कानूनी शिकंजा कसा गया है।

- छतरपुर जिले में रात्रि चैपाल के दौरान कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने अलीपुरा में लापरवाही बरतने वाले पटवारी को निलंबित कर दिया। 5 महीने से फौती नामांतरण लंबित रखने पर कड़ी कार्रवाई करते हुए कई ग्रामीणों की राशन पर्ची स्वीकृत की।
- भोपाल सांसद आलोक शर्मा और महापौर मालती राय ने कल वार्ड-31 स्थित साउथ टीटी नगर में साहित्यकार पार्क के निर्माण हेतु भूमिपूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ साहित्यकार और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

-------------